**स्वच्छता** | स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए की गई तैयारियों की आयुक्त ने की समीक्षा, उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शहरवासियों का जागरूक होना आवश्यक

# शहरवासियों के सहयोग से स्वच्छ होगा शहर

**नवभारत, कटनी।** स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग सिर्फ प्रशासनिक प्रयासों से संभव नहीं, बल्कि शहरवासियों की जागरूकता और सहभागिता से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। नागरिकों की जागरूकता, सकरात्मक सहयोग और सफाई मित्रों की कड़ी मेहनत शहर की स्वच्छ छवि को मजबूत करने में निर्णायक सिद्ध होंगे। ये बातें कि नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों-कर्मचारियों से कहीं। नगर निगम आयुक्त ने आवश्यक तैयारियों की समीक्षा करते हुए विभागों के बीच आपसी समन्वय, समयबद्ध कार्रवाई और प्रभावी निगरानी व्यवस्था बनाने के लिए कहा है। उन्होने डोर-टू-डोर कचरा



संग्रहण की नियमितता, स्त्रोत पर कचरे के पृथक्करण और इसके लिए शहरवासियों के लिए नागरिकों में जागरूकता लाने, सार्वजनिक स्थलों की सतत स्वच्छता, सीएंडडी वेस्ट प्रबंधन, सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई, आवारा मवेशियों के स्वच्छंद विचरण पर अंकुश लगाने, रोको-टोको अभियान और स्वच्छता जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के साथ ही स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों को चिन्हित कर मौके पर जुर्माना कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण का काउंटडाउन शुरू हो गया है उन्होंने सर्वेक्षण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं एवं एवं वर्तमान सफाई व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा कर निर्धारित मानकों के अनुरूप जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं में सुधार लाने के लिए सार्वजनिक और अन्य मार्गो के साथ ही बाजार क्षेत्रों की सफाई हेतु रूट निर्धारित करते हुए जवाबदेही के साथ कार्य करने के भी निर्देश भी दिए। उन्होंने एम.एस.डब्ल्यू को आड़े हांथे लेते हुए कहा कि यदि समय पर कचरा वाहन वार्डो में पहुंचेगा तो नागरिकगण घरों एवं दुकानों का कचरा सीधे कचरा वाहन में ही देगें तथा शहर की सफाई व्यवस्था में काफी सुधार परिलक्षित होगा। इस के लिए एमएसडब्ल्यू कचरा वाहन बढ़ाने, वार्डो में कचरा संग्रहण वाहन नहीं पहुंचने पर तत्काल कार्यालय को सूचित करने के साथ ही वार्ड स्तर पर सफाई व्यवस्था की निगरानी के दिए। नगर निगम आयुक्त ने बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों के विभिन्न बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा कर नगर के सार्वजनिक स्थलों की सुंदरता के लिए प्रयास करने, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों वालेंटियर्स की सहभागिता से जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के अलावा नुक्कड़ नाटक, मनोरंजन गतिविधियां आयोजित कर स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



## छात्र की मौत से आक्रोशित एबीवीपी ने किया चक्काजाम

**सरकारी स्कूल के शौचालय की दीवार गिरने से हुई थी घटना**

**नवभारत, कटनी।** जिले के विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बम्हंगवा में के सरकारी स्कूल की दीवार गिरने से पांचवीं कक्षा के छात्र राजकुमार बर्मन की मौत के मामले में आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरूवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय के सामने धरना दिया, प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन के दौरान कटनी-विजयराघवगढ़ मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम विरोध प्रदर्शन से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रदर्शन की सूचना पर विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ प्रदर्शनकारियों को समझाने और जाम खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन वे अपनी मांग पर अड़े रहे। लगभग 30 मिनट तक चले हंगामे के बाद एसडीएम विवेक गुप्ता स्वयं प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे। उन्होंने छात्र संगठन की मांगों को सुना और ज्ञापन स्वीकार किया। एसडीएम ने घटना की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रशासन के इस आश्वासन के बाद विरोध प्रदर्शन समाप्त किया गया।

### एक नजर में

## कार्य में लापरवाही पर जारी किया गया चेतावनी पत्र

**नवभारत, कटनी।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप बकायेदारों से प्रति सप्ताह संपर्क कर बकाया करों की वसूली के लिए गठित निगम के सामूहिक दल के अधिकारियों कर्मचारियों को आपसी सामंजस्य के साथ सामूहिक रूप से कार्रवाई करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली कार्य करने चेतावनी पत्र जारी किया है। गौरतलब है कि निगमायुक्त द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 की राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान जलकर और संपत्ति कर की डिमांड अनुरूप वसूली संतोषजनक नहीं पाए जाने पर निर्धारित लक्ष्य अनुरूप बकायेदारों से वसूली के लिए वार्डवार अधिकारियों कर्मचारियों के दल का गठन कर प्रति सप्ताह शनिवार को सामंजस्य स्थापित करते हुए वसूली के लिए निर्देशित किया गया था। लेकिन गठित दल के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से कार्रवाई नहीं किए जाने के फलस्वरूप संपत्ति कर और जलकर की वसूली निर्धारित लक्ष्य अनुरूप नहीं होने से निगमायुक्त द्वारा दल के अधिकारी कर्मचारियों को चेतावनी देकर आपसी सामंजस्य स्थापित कर वसूली की कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। ऐसा नहीं करने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## फार्मर आईडी के कार्य में लापरवाही, पटवारी निलंबित

**नवभारत, कटनी।** फार्मर आईडी निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया ने पटवारी हल्का क्रमांक 35 सैलारपुर, तहसील स्लीमनाबाद के पटवारी सुशील परते को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पटवारी को किसानों की फार्मर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित करने, आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद पटवारी द्वारा अपेक्षित रुचि नहीं ली गई। जिस पर कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया था, लेकिन समय-सीमा में जवाब नहीं देने पर पटवारी को निलंबित कर दिया गया है।

## बगैर अनुमति निर्माण पर सामग्री जब्त, पंचनामा बना

**नगर निगम की टीम ने बरगवां क्षेत्र में की कार्रवाई**



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम की टीम ने बिना अनुमति के निर्माण करने की तीन शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए निर्माण सामग्री जब्त कर पंचनामा तैयार किया गया है। नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर बुधवार को बरगवां क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान तीन लोगों द्वारा बिना अनुमति के कराए जा रहे निर्माण कार्य पर मौके पर कार्रवाई करते हुए संबंधित स्थलों पर पंचनामा तैयार किया गया और निर्माण में उपयोग हो रही सामग्री को जब्त किया गया है। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना विधिवत अनुमति किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य अवैध माना जाएगा और ऐसे प्रकरणों में कठोर कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों से कहा है कि निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पहले आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त करें, जिससे अनावश्यक दंडात्मक कार्रवाई से बचा जा सके। नगर निगम प्रशासन द्वारा नगर की सुचारू आवागमन व्यवस्था के मद्देनजर नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो और बाजार क्षेत्रों के अस्थाई अतिक्रमण को हटाने के लिए कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम टीम लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर ऐसे निर्माण कार्यों को रोक रही है, जिनका निर्माण बगैर अनुमति के किया जा रहा है।

## डिजिटल माध्यम से होगी जनगणना, तकनीकी दक्षता पर दें विशेष ध्यान

**प्रशिक्षण में कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को निर्देश**



**नवभारत, कटनी।** आगामी जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ग्रामीण चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए प्रमुख जनगणना अधिकारी कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा कि जनगणना अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है और इसे पूरी सजगता, सटीकता और पारदर्शिता के साथ किया जाना चाहिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में जनगणना कार्य सुचारू और निर्धारित समय सीमा में पूरा हो, इसके लिए सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस बार डिजिटल साधनों के उपयोग से आंकड़े अधिक सटीक और पारदर्शी होंगे, इसलिए तकनीकी दक्षता पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रशिक्षण में जनगणना की कार्ययोजना, समय-सीमा और प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि जनगणना दो चरणों में होगी। पहले चरण में 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण और आवासीय इकाइयों की गणना की जाएगी, जबकि दूसरा चरण फरवरी-मार्च 2027 में जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा। प्रशिक्षण में कहा गया है कि निर्धारित समय-सीमा में ही कार्य पूरा किया जाएगा और किसी प्रकार के विस्तार का प्रावधान नहीं है। इस अवसर पर चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे जनगणना कार्य की प्रभावी मॉनिटरिंग करें और सुपरवाइजर और प्रगणकों के चयन में तकनीकी रूप से दक्ष कर्मचारियों को प्राथमिकता दें। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि पहली बार जनगणना डिजिटल मोड में और स्व-गणना प्रक्रिया के साथ होगी।

स्व-जनगणना पोर्टल और मोबाइल एप हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन्स ऐप के माध्यम से आंकड़ों का संकलन किया जाएगा। साथ ही हाउस लिस्टिंग ब्लॉक क्रिएटर वेब पोर्टल के माध्यम से मकान सूचीकरण ब्लॉकों का निर्माण और वेब आधारित प्रणाली से मॉनिटरिंग की जाएगी।

## विशेष शिविरों का आयोजन कर बकायादारों से जमा कराया जा रहा टैक्स

**कर जमा नहीं करने पर नियमों के तहत कार्रवाई के निर्देश**



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर नागरिकों को आसानी से बकाया करों को जमा करने की सुविधा के मद्देनजर विशेष शिविरों का आयोजन किए जा रहे हैं। शिविर में संपत्ति कर और जलकर सहित विभिन्न बकाया करों का भुगतान कराया जा रहा है। शिविरों में तैनात अधिकारियों द्वारा कर निर्धारण, बकाया राशि और अन्य कर संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य करदाताओं को कर जमा कराने के लिए सरल और सुलभ सेवा उपलब्ध कराना है, ताकि वे बिना किसी असुविधा के निगम के बकाया करों को जमा कर सकें। नगर निगम के राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक ने बताया कि झिंझरी पुलिस चौकी और समदड़िया सिटी, दुर्गा मंदिर के पास विशेष राजस्व शिविर लगाए गए। राजस्व अधिकारी ने बताया कि आयोजित शिविर और नगर निगम के जोन कार्यालय के माध्यम से करीब 10 लाख 50 हजार 333 रुपए निगम कोष में जमा कराए गए। शहरवासियों की सुविधा के मद्देनजर गुरुवार को जय हिंद चौक, गायत्री नगर में शर्मा मार्केट के पास सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। वार्डवासियों को बकाया करों को जमा करने की विशेष सुविधा दी जा रही है। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार द्वारा राजस्व वसूली कार्य की प्रगति की लगातार समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि करों के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाए जो बकायादार कर जमा नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

कर वसूली के लिए मिशन मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके बाद से नगर निगम की टीम डोर-टू-डोर दस्तक देकर भी कर वसूली के प्रयास कर रही है। शिविर लगाकर करों की वसूली वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक की जाएगी।

## वाहन निविदा में भ्रष्टाचार का आरोप, जांच की मांग

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में लगाया गया आरोप**



**नवभारत, कटनी।** जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में वाहनों की निविदा प्रक्रिया को लेकर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्राम भैंसवाही निवासी रमेश राय ने कलेक्टर को लिखित शिकायत पत्र सौंपकर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए वाहन निविदा प्रक्रिया पर आरोप लगाते हुए कहा कि टैक्सी परमिट वाहनों को निविदा निकालने से पहले ही विभाग में लगा लिया गया और बाद में सिर्फ औपचारिकता के लिए निविदा निकाली गई, जिसे ऑनलाइन भी प्रदर्शित नहीं किया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विभाग के बाबू, डीए लेखा विभाग और कार्यपालन यंत्री ने मिलीभगत कर जानबूझकर निविदा प्रक्रिया को पारदर्शी नहीं रखा। इसका मुख्य उद्देश्य अपने सगे-संबंधियों के पुराने वाहनों को लाभ पहुंचाना है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि अन्य विभागों की तुलना में यहां वाहनों के लिए अधिक राशि का भुगतान किया जा रहा है, जो सीधे तौर पर भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। जांच की मांग की गई है।

## संबल योजना का लाभ पाने 4 वर्ष से भटक रही महिला


**अधिकारियों पर अनदेखी करने का लगाया आरोप**



**नवभारत, कटनी।** जिले में संबल योजना का लाभ पाने के लिए एक महिला पिछले चार साल से भटक रही है। पिंडरई गांव निवासी निवासी सुषमा बाई चौधरी का कहना है कि उसके पति की मृत्यु होने के बाद चार साल बीत गए हैं लेकिन अब संबल योजना के तहत सहायता राशि नहीं दी गई है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि योजना के तहत राशि लेने के लिए उन्होने जनपद पंचायत कार्यालय के 50 से अधिक चक्कर लगाए हैं, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। सुषमा बाई ने बताया कि उनके पति महेंद्र चौधरी का शव चार साल पहले जंगल में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। महेंद्र चौधरी संबल योजना के तहत पंजीकृत थे, जिसके कारण सुषमा बाई मृत्यु सहायता राशि की हकदार हैं। उन्होंने सभी आवश्यक दस्तावेज जमा कर दिए हैं, लेकिन उनकी फाइल आगे नहीं बढ़ रही है। जनपद कार्यालय में अधिकारियों की अदनदेखी से परेशान है।

## चाचा-चाची ने लाठी डंडों से किया हमला, पुलिस ने नहीं की कोई कार्रवाई

**पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत कर कार्रवाई की मांग**



**नवभारत, कटनी।** जिले के ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के देवरी बिछिया गांव में एक महिला पर उसके ही चाचा-चाची ने जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट की शिकायत के बाद भी पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने से परेशान होकर पीड़िता अपने पति और बच्चों के साथ न्याय की गुहार लगाने गुरूवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। शिकायत में पीड़िता छोटीबाई यादव ने बताया कि गांव में उनकी निजी बाड़ी है, जहां लगे टीन शेड को लेकर परिवार के ही उत्तम यादव, श्रीलाल यादव, सकरमति बाई और पूजाबाई पिछले काफी दिनों से विवाद करते रहे हैं, ये लोग जबरन टीन शेड हटा देते हैं और विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने एक राय होकर छोटीबाई पर हमला बोल दिया। हमले के दौरान उनके सिर पर डंडे से इतनी जोर से वार किया गया कि सिर फट गया और काफी खून बहने लगा। जब पड़ोसियों ने बीच-बचाव की कोशिश की, तो आरोपियों ने उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी। छोटीबाई का कहना है कि उन्होंने घटना की जानकारी तत्काल ढीमरखेड़ा थाने में दी थी, लेकिन पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपियों के रसूख और पुलिस के साथ मिलीभगत की वजह से उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। गंभीर रूप से घायल महिला ने एसपी को शिकायत सौंपकर अपने परिवार सुरक्षा मांगी है, साथ ही मारपीट करने वाले आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**रोजगार** | कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक

## अधिक से अधिक मेले लगाएं, युवाओं को स्वरोजगार और रोजगार उपलब्ध कराएं

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में कौशल विकास, रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाने के उद्देश्य से चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि बैठक में लिए गए निर्णयों पर निर्धारित समय सीमा में प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि जिले के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। बैठक में पिछले वर्ष आईटीआई छात्रों के प्लेसमेंट का विवरण प्रस्तुत किया गया। प्रमुख कंपनियों में चयनित



विद्यार्थियों की संख्या और प्लेसमेंट प्रतिशत की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने प्लेसमेंट दर बढ़ाने के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, नेशनल अप्रेंटिसिप प्रमोशन स्कीम के तहत निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए अधिक से अधिक औद्योगिक इकाइयों का भ्रमण कर युवाओं को जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में माइनिंग ब्रांच प्रारंभ करने में आ रही समस्याओं का निराकरण कर इसे जल्द शुरू करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने, अधिक से अधिक युवाओं को योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत हितग्राहियों के डाटा, स्वीकृत ऋण, ऋण उपयोग, वर्तमान स्थिति की जानकारी संकलित करने के निर्देश भी दिए गए। अप्रेंटिसशिप के अवसरों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्थानीय उद्योगों के साथ समन्वय बढ़ाने, अधिक युवाओं को अप्रेंटिसशिप से जोड़ने की कार्ययोजना पर अमल के निर्देश दिए है। नियमित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने, रोजगार और अप्रेंटिस मेले नियमित रूप से आयोजित करने, निजी कंपनियों की सक्रिय भागीदारी कराने के निर्देश दिए। रोजगार मेलों का विस्तार ब्लॉक स्तर तक करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने आधुनिक ट्रेड्स जैसे ईवी, सोलर, डिजिटल स्किल्स प्रारंभ करने, अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए। डिजिट, सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण को भी प्राथमिकता देने की बात कही गई। स्कूल और कॉलेज स्तर पर करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित करने, आईटीआई के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा ड्रॉपआउट विद्यार्थियों को पुन: कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

KAMAKHYA
REAL ESTATE
हम है आपकी हर जरूरत के लिए भरोसेमंद साथी...
आवासीय मकान और प्लाट,
वाणिज्यि (कमर्शियल) संपत्तियां,
औद्योगिक (इंडस्ट्रियल)
प्लॉट अब संपत्ति की खरीद-फरोख्त करें
पूरी पारदर्शिता और आसानी के साथ चाहे
आपको चाहिए एक सुकून भरा घर रिहायशी प्लॉट
व्यवसाय के लिए दुकान
आपकी फैक्ट्री के लिए उपयुक्त जमीन
पूरे भारत में प्रॉपर्टी खरीदने के लिए संपर्क करें
AMIT GAUTAM +91 86430-19577, +91 96911-21453
E-mail: kamakhyarealstate@gmail.com

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024